पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने एन0एस0जी0 तथा उ0प्र0 पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कॉम्प्रिहेंसिव कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारम्भ तथा ऑपरेशनल कैपेबिलिटी डेमोन्स्ट्रेशन का अवलोकन किया

एन0एस0जी0 और यू0पी0 पुलिस का ज्वाइण्ट कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम हमारी तैयारियों को नई धार, आपसी समन्वय को नई शक्ति और सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा : मुख्यमंत्री

अब कोई आतंकी या देशद्रोही डार्क वेब अथवा क्रिप्टो वॉलेट के पीछे छिप नहीं सकता

आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर केन्द्र और राज्य सरकार की नीति स्पष्ट, न अपराधियों को अभय, न आतंकियों को अवसर और न ही देश की सुरक्षा से कोई समझौता

भारत ने अपनी सुरक्षा नीति की रेड लाइन स्वयं खींची, प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत द्वारा अब हर आतंकी घटना का मुंहतोड़ जवाब दिया जाता

पूरा देश यू0पी0 पुलिस और ए0टी0एस0 के पराक्रम पर गर्व करता

आज प्रदेश 'लॉलेस लैण्ड' से 'लैण्ड ऑफ लॉ' बन गया, यहां ए0टी0एस0 की 21 फील्ड यूनिट्स तैनात

सेना सीमा पर ऑपरेशन करती और हमारी पुलिस, ए0टी0एस0 तथा एन0एस0जी0 देश के भीतर हर स्लीपर सेल, हर आतंकी साजिश और हर गद्दार की कमर तोड़ती

महिला कमाण्डो टीम दुश्मन के छक्के छुड़ाने वाली साक्षात रणचण्डी का स्वरूप, महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 10 हजार से बढ़ाकर 45 हजार

पुलिस का बजट तीन से चार गुना तक बढ़ाया गया, पुलिसकर्मियों के लिए आधुनिक आवासीय बैरक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध, पुलिसिंग को टेक्नोलॉजी और क्विक रिस्पॉन्स से जोड़ा गया

ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत 15 लाख से अधिक सी0सी0टी0वी0 कैमरे स्थापित

डायल–112 के रिस्पॉन्स टाइम को 65 मिनट से घटाकर 05 से 07 मिनट तक लाने में सफलता प्राप्त

माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप डकैती में 84 प्रतिशत और लूट में 77 प्रतिशत से अधिक की कमी आयी

लखनऊ : 18 नवम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि एन0एस0जी0 और यू0पी0 पुलिस का ज्वाइण्ट कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम नए भारत के उस संकल्प का प्रतीक है, जहां हमारे सुरक्षा बल हर चुनौती से दस कदम आगे रहने के लिए तैयार हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारी तैयारियों को नई धार, आपसी समन्वय को नई शक्ति और सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। एन0एस0जी0 और यू0पी0

पुलिस का यह साझा प्रयास देश की आंतरिक सुरक्षा को नई शक्ति और नई दिशा प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री जी आज यहां रिजर्व पुलिस लाइन्स में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एन0एस0जी0) तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कॉम्प्रिहेंसिव कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारम्भ करने के उपरान्त आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे। इस अवसर पर उन्होंने ऑपरेशनल कैपेबिलिटी डेमोन्स्ट्रेशन का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर केन्द्र और राज्य सरकार की नीति स्पष्ट है। न अपराधियों को अभय, न आतंकियों को अवसर और न ही देश की सुरक्षा से कोई समझौता। वैश्विक परिदृश्य में बदलती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए साहस के साथ आधुनिक तकनीक, अचूक रणनीति, त्वरित निर्णय और टीमवर्क के रूप में कार्रवाई करने की दक्षता अत्यन्त आवश्यक है। हमारे वीर जवान करोड़ों माताओं–बहनों के सम्मान की ढाल और भारत की सम्प्रभुता का वैध कवच हैं। देश की शान्ति और सुरक्षा को चुनौती देने का दुस्साहस करने वाली प्रत्येक राष्ट्र विरोधी ताकत के लिए वे साक्षात काल हैं।

आज पूरा देश यू0पी0 पुलिस और ए0टी0एस0 के पराक्रम पर गर्व करता है। एन0एस0जी0 के प्रतिष्ठित मंच पर आयोजित 16वीं ऑल इण्डिया पुलिस स्टैण्ड अलोन स्नाइपर प्रतियोगिता में यू0पी0 ए0टी0एस0 कमाण्डो टीम के दो स्नाइपर्स ने अचूक निशाना लगाने के दम पर स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। यू0पी0 ए0टी0एस0 द्वारा अपनी समर्पित महिला कमाण्डो टीम का गठन कर उन्हें स्पॉट का अभिन्न हिस्सा बनाना केवल एक ऑपरेशनल कदम नहीं, बल्कि उस भारत की हुंकार है, जहां बेटियां किसी पर मोहताज नहीं, बल्कि दुश्मन के छक्के छुड़ाने वाली साक्षात रणचण्डी का स्वरूप हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज की धरती पर कुम्भ–2019 और महाकुम्भ–2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। उस दौरान हमारे स्पॉट कमाण्डोज और यू0पी0 पुलिस की अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था ऐसी थी कि सुरक्षा में सेंध लगाने वाला परिन्दा भी वहां पर नहीं मार सकता था। एक समय था जब उत्तर प्रदेश दंगों की आग में झुलसता था और अपराधियों के हौसले बुलंद थे। चारों ओर अराजकता का साम्राज्य था। आज प्रदेश में रूल ऑफ लॉ है। इसे सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के पूरे ईको सिस्टम को मजबूत किया गया है। पुलिस भर्ती की पारदर्शी व्यवस्था के साथ पुलिसकर्मियों की क्षमता को सुदृढ़ किया गया, उन्हें बेहतर संसाधन और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया गया। पुलिस का बजट तीन से चार गुना तक बढ़ाया गया। पुलिसकर्मियों के लिए आधुनिक आवासीय बैरक और

बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था की गई। पुलिसिंग को टेक्नोलॉजी और क्विक रिस्पॉन्स से जोड़ा गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में साइबर थानों की संख्या 02 से बढ़ाकर सभी 75 जनपदों तक पहुंचाई गई। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत 15 लाख से अधिक सी0सी0टी0वी0 कैमरे स्थापित किए गए। डायल–112 के रिस्पॉन्स टाइम को 65 मिनट से घटाकर 05 से 07 मिनट तक लाने में सफलता प्राप्त हुई। स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया गया और प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता निर्माण पर जोर दिया गया। माफिया के खिलाफ कार्रवाई के लिए एस0टी0एफ0 को मजबूत किया गया। दंगाइयों के काल के रूप में जानी जाने वाली पी0ए0सी0 को पुनर्जीवित किया गया। पहली बार यू0पी0 पी0ए0सी0 की 03 महिला बटालियन गठित की गईं।

देवबंद से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक ए0टी0एस0 के कमाण्डो सेण्टर स्थापित किए गए। मेट्रो, एयरपोर्ट, न्यायालय परिसरों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए यू0पी0एस0एस0एफ0 का गठन कर 06 बटालियनों को इससे जोड़ा गया। अयोध्या में एन0एस0जी0 का रीजनल हब स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अपराधियों और माफियाओं के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई करते हुए 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सम्पत्ति जब्त या ध्वस्त की गई है। प्रदेश में कर्फ्यू और दंगों के पर्याय रहे माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई की गयी। इन कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप डकैती में 84 प्रतिशत और लूट में 77 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। महिला सुरक्षा और जनविश्वास को पुलिसिंग के केन्द्र में रखा गया है। पुलिस भर्ती में महिला आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 10 हजार से बढ़ाकर 45 हजार की गई है। महिला बीट अधिकारियों से लेकर महिला बटालियनों तक महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आज प्रदेश 'लॉलेस लैण्ड' से 'लैण्ड ऑफ लॉ' बन गया है और प्रदेश का लॉ एण्ड ऑर्डर एक मॉडल के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समय के साथ अपराधियों ने अपने तरीके बदल दिए हैं। आज दुश्मन अदृश्य मोर्चे से वार कर रहा है। हवाला नेटवर्क और फेक करेंसी के माध्यम से अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाई जा रही है। अवैध कन्वर्जन, साइबर क्राइम और क्रिप्टो करेन्सी के जरिये समाज की पूरी व्यवस्था को भीतर से खोखला करने की साजिशें रची जा रही हैं। यह भारत की अखण्डता और प्रदेश की सुरक्षा के लिए एक नई चुनौती है। यू0पी0 पुलिस, यू0पी0 ए0टी0एस और पुलिस के जवानों ने अब तक ऐसी अदृश्य साजिशों को बेनकाब किया है।

आज पूरे प्रदेश में ए0टी0एस0 की 21 फील्ड यूनिट्स तैनात हैं। वर्ष 2017 के बाद इण्डो–नेपाल बॉर्डर के जनपदों तथा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में 10 नई फील्ड यूनिट्स स्थापित की गई हैं। इनमें सोनभद्र, चंदौली, मिर्जापुर, अयोध्या, प्रयागराज, श्रावस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर, सम्भल, नोएडा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी और झांसी जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज ए0टी0एस0 के पास अवैध धर्मांतरण सेल और क्रिप्टो एनालिसिस विंग जैसी विशेष व्यवस्थाएं हैं। इसकी इकोनॉमिक एनालिसिस विंग संदिग्ध फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन की परतें उधेड़ती है। ओपन सोर्स और सोशल मीडिया से प्राप्त सूचनाओं एवं सुरागों के आधार पर डेटाबेस तैयार किया जाता है। अब कोई आतंकी या देशद्रोही डार्क वेब अथवा क्रिप्टो वॉलेट के पीछे छिप नहीं सकता। स्पॉट कमाण्डोज की एन0एस0जी0, बी0एस0एफ0 और सी0आई0एस0एफ0 के साथ अग्नि परीक्षा ज्वाइण्ट काउण्टर टेररिज्म ट्रेनिंग एक्सरसाइज तथा नेशनल ज्वाइण्ट काउण्टर आई0ई0डी0 एक्सरसाइज जैसे संयुक्त अभ्यास हमारे कमाण्डोज को हर आपात स्थिति के लिए तैयार करते हैं। ऐसे अभ्यासों से विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय और ऑपरेशनल दक्षता मजबूत होती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज हम ऐसे दौर में खड़े हैं, जहां भारत ने अपनी सुरक्षा नीति की रेड लाइन स्वयं खींच दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत द्वारा अब हर आतंकी घटना का मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। देश की सेना ने वर्ष 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक, वर्ष 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक और वर्ष 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हर नापाक प्रयास का करारा जवाब दिया है। पूरी दुनिया ने देखा है कि जब तीनों सेनाओं की सिनर्जी स्वदेशी टेक्नोलॉजी और जीरो टॉलरेंस की इच्छाशक्ति एक साथ मिलती है, तो दुश्मन के पास छिपने का कोई रास्ता नहीं बचता। सेना सीमा पर ऑपरेशन करती है और हमारी पुलिस, ए0टी0एस0 तथा एन0एस0जी0 देश के भीतर हर स्लीपर सेल, हर आतंकी साजिश और हर गद्दार की कमर तोड़ती है।

हमारा लक्ष्य भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना है। हमें ऐसी सुरक्षा व्यवस्था विकसित करनी है, जो तकनीक में आधुनिक, रणनीति में अचूक, समन्वय में मजबूत और कार्रवाई में निर्णायक हो। सुरक्षित भारत ही समर्थ भारत की नींव है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के महानिदेशक श्री भृगु श्रीनिवासन ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति इस कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान करती है। केन्द्रीय गृह मंत्री जी के विजन और गृह मंत्रालय की प्रहार पॉलिसी के तहत एन0एस0जी0 द्वारा नेशन वाइड कॉम्प्रिहेंसिव कैपेसिटी बिल्डिंग

इनिशिएटिव किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में इस कार्यक्रम का आयोजन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि देश की सुरक्षा व्यवस्था में प्रदेश की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। यह कार्यक्रम राज्य पुलिस और केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों के बीच कोऑर्डिनेशन तथा ऑपरेशनल प्रिपेयर्डनेस को मजबूत करेगा।

एक माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एन0एस0जी0 के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा उत्तर प्रदेश के चयनित पुलिसकर्मियों को काउण्टर टेररिज्म, काउण्टर हाइजैक, काउण्टर ड्रोन, बम डिटेक्शन एण्ड डिस्पोजल तथा वी0आई0पी0 सिक्योरिटी सहित 13 स्पेशलाइज्ड कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से एन0एस0जी0 और उत्तर प्रदेश पुलिस संयुक्त रूप से ऐसी क्षमताएं विकसित करेंगे, जो किसी भी सुरक्षा चुनौती के समय तेज, समन्वित और प्रभावी रिस्पॉन्स सुनिश्चित कर सकें। इस पहल का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि अनुभव, विशेषज्ञता और बेस्ट ऑपरेशनल प्रैक्टिसेज को साझा करना भी है। एन0एस0जी0 उत्तर प्रदेश पुलिस की ए0टी0एस0 की बेस्ट प्रैक्टिसेज को भी सीखने का प्रयास करेगी। इससे दोनों सुरक्षा बलों के अनुभव और विशेषज्ञता का परस्पर लाभ मिलेगा।

उन्होंने गृह मंत्रालय के विजन के अनुरूप अयोध्या में नई एन0एस0जी0 टास्क फोर्स के लिए 08 एकड़ जमीन तथा मिल्कीपुर में एन0एस0जी0 हब की स्थापना के लिए 65 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में एन0एस0जी0 टास्क फोर्स की तैनाती हो चुकी है तथा मिल्कीपुर में एन0एस0जी0 हब की स्थापना का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ये दोनों पहल उत्तर प्रदेश तथा पूरे उत्तर भारत की काउण्टर टेरर प्रिपेयर्डनेस और रैपिड रिस्पॉन्स कैपेबिलिटी को और मजबूत करेंगी।

कार्यक्रम को अपर पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था श्री अमिताभ यश ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कृष्ण, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, पुलिस महानिरीक्षक ए0टी0एस0 श्री प्रेम गौतम, एन0एस0जी0 एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

————————

PN-CM- NSG & UP Police Comprehensive Capacity Building Tranining Programme-18 November, 2026